# Daily Current Affairs

Date : 27 November, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | 28 आरपीएफ थानों में कमांड सेंटर |
| 2. | ग्लोबल सोलर एक्सपो-2025 शुरू |
| 3. | रणथंभौर में वाहन ट्रैकिंग सुविधा शुरू |
| 4. | ऑक्सफोर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्स में दर्ज हुआ लक्खी अन्नकूट |
| 5. | राजस्थान विधान सभा में "वंदे मातरम् दीर्घा" का उद्घाटन |
| 6. | राजस्थान ललित कला अकादमी की 66वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी |
| 7. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. एफओडी वॉक में उड़ान सुरक्षा पर फोकस<br>2. अखिल भारतीय विद्युत फुटबॉल प्रतियोगिता |
| 8. | बायोमास पेलेट्स |
| 9. | गावी (GAVI) |
| 10. | अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग |
| 11. | टाइगर रिज़र्व |
| 12. | नई चेतना 4.0 |
| 13. | न्यायपालिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता |
| 14. | डॉ. वर्गीस कुरियनब (1921-2012) |
| 15. | संविधान दिवस |
| 16. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. इम्पैक्ट राइज़ पहल |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## 28 आरपीएफ थानों में कमांड सेंटर

### चर्चा में क्यों?

- उत्तर पश्चिम रेलवे जोन ने यात्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए निर्भया फंड के तहत रेलटेल के सहयोग से एआई आधारित हाईटेक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली लागू करने की बड़ी पहल शुरू की है। इस प्रणाली के तहत जोन के प्रमुख स्टेशनों पर कमांड सेंटर, सैकड़ों कैमरे और एलईडी स्क्रीन लगाकर रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी।



### मुख्य बिन्दु:

**योजना की मुख्य विशेषताएं**

- निर्भया फंड के तहत रेल मंत्रालय ने प्रमुख स्टेशनों पर वीडियो सर्विलांस सिस्टम (VSS) की स्वीकृति दी है, जिसका क्रियान्वयन रेलटेल कर रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- उत्तर पश्चिम रेलवे में 28 बड़े आरपीएफ थानों में कमांड सेंटर बनाए जा रहे हैं, जिनसे 425 स्टेशनों पर लगाए जाने वाले 1269 सीसीटीवी कैमरों और 143 एलईडी स्क्रीन की निगरानी होगी।
- ये सभी कैमरे इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP) आधारित, हाई-रेज़ोल्यूशन और एआई-सक्षम हैं, जिनसे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान, भीड़ प्रबंधन और आपात स्थितियों पर त्वरित प्रतिक्रिया संभव होगी।

### सुरक्षा और निगरानी के लाभ

- इस प्रणाली से चोरी, मारपीट, पटरियों पर अवैध प्रवेश, संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही जैसी घटनाओं पर तुरंत नजर रखकर कार्रवाई की जा सकेगी।
- सभी कैमरे ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जुड़े होंगे और फीड स्थानीय आरपीएफ पोस्ट के साथ ही डिविजन व जोन स्तर के कंट्रोल रूम में भी देखी जा सकेगी, जिससे बहुस्तरीय निगरानी सुनिश्चित होगी।
- रिकॉर्डेड वीडियो कम से कम 30 दिन तक सुरक्षित रखा जाएगा ताकि किसी घटना की जांच और पोस्ट-इवेंट एनालिसिस किया जा सके।

### उत्तर पश्चिम रेलवे जोन में क्रियान्वयन

- उत्तर पश्चिम रेलवे जोन में जयपुर, अजमेर, जोधपुर और बीकानेर, चारों मंडलों के प्रमुख स्टेशनों को इस प्रणाली से कवर किया जा रहा है।
- जोन में पहले भी 33 प्रमुख स्टेशनों पर एचडी सीसीटीवी लगाने की योजना रही है, जिसे अब निर्भया फंड आधारित एआई और IP-आधारित VSS से अपग्रेड किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ग्लोबल सोलर एक्सपो-2025 शुरू

## चर्चा में क्यों?

- ग्लोबल सोलर एक्सपो–2025 का उद्घाटन जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने किया, जो राजस्थान की सौर क्षमता और निवेश संभावनाओं को प्रदर्शित करने वाला दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है। यह एक्सपो EQ International और C2Z – Solar & Decarbonisation Market Place द्वारा आयोजित हो रहा है, जिसमें 10,000 से अधिक आगंतुक, 100+ प्रदर्शक, 75+ वक्ता और देश के शीर्ष 100 सोलर अचीवर्स भाग ले रहे हैं।



## मुख्य बिन्दु:

### राजस्थान की सौर उपलब्धियां

- राज्य की स्थापित सौर क्षमता लगभग 35,357 मेगावाट तक पहुंच गई है, जिसमें पिछले दो वर्षों में करीब 19,000 मेगावाट की वृद्धि हुई है; इससे राजस्थान देश के अग्रणी सौर राज्यों में शुमार है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- सरकार इसे प्रधानमंत्री के 2070 तक नेट-जीरो और 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य से जोड़कर देख रही है, और पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तानी भूभाग को बड़े सौर निवेश के लिए प्राकृतिक लाभ मानती है।

### पीएम कुसुम योजना व कृषि ऊर्जा

- पीएम कुसुम योजना के तहत राज्य में लगभग 2,400 मेगावाट क्षमता के विकेन्द्रित सौर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं, जिससे किसानों को दिन में सस्ती व निर्बाध बिजली मिल रही है और वे अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बने हैं।
- कुसुम योजना के कम्पोनेंट–A में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है जबकि कम्पोनेंट–C में गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है।

### एक्सपो की प्रमुख विशेषताएं

- एक्सपो में नवीन व अत्याधुनिक सोलर मॉड्यूल, इन्वर्टर, स्ट्रक्चर, स्टोरेज और डीकार्बोनाइजेशन समाधानों का प्रदर्शन हो रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# रणथंभौर में वाहन ट्रैकिंग सुविधा शुरू

## चर्चा में क्यों?

- रणथंभौर नेशनल पार्क ने सफारी प्रबंधन को हाईटेक बनाते हुए रियल-टाइम वाहन ट्रैकिंग सुविधा शुरू की है, जिसके तहत पर्यटक अब अपने अलॉटेड जिप्सी या कैंटर की लाइव लोकेशन मोबाइल पर एक क्लिक में देख सकेंगे। यह व्यवस्था ऊबर/ओला की तरह GPS आधारित ट्रैकिंग पर काम करेगी और दुनिया के राष्ट्रीय उद्यानों में ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाले रणथंभौर ने दुनिया का पहला राष्ट्रीय उद्यान बनने का गौरव प्राप्त किया है।



## मुख्य बिन्दु:

### नई तकनीक की मुख्य बातें

- सभी सफारी वाहनों (जिप्सी व कैंटर) में GPS डिवाइस अनिवार्य रूप से लगाए जा रहे हैं, जिससे उनकी लोकेशन, तय रूट और गति लगातार मॉनिटर होगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- पार्क प्रशासन द्वारा विकसित एआई आधारित डेटा/आईडी वेरिफिकेशन सॉफ्टवेयर के साथ यह ट्रैकिंग सिस्टम इंटीग्रेट किया जा रहा है, जिससे टिकट ब्लैकमार्केटिंग रोकने, फर्जी बुकिंग पकड़ने और पर्यटकों की वास्तविक पहचान की पुष्टि की जा सके।
- वाहन की मूवमेंट, समय और रूट की डिजिटल रिकॉर्डिंग से नियम उल्लंघन जैसे ओवरस्पीडिंग, ऑफ-ट्रैक जाना, या प्रतिबंधित इलाकों में प्रवेश पर तुरंत कार्रवाई संभव होगी।
- किसी आपात स्थिति, भीड़ प्रबंधन या गुम हो जाने की शिकायत पर प्रशासन तुरंत वाहन तक पहुंच सकता है, जिससे सुरक्षा और सुविधा दोनों बढ़ेंगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ऑक्सफोर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्स में दर्ज हुआ लक्खी अन्नकूट

## चर्चा में क्यों?

- खोले के हनुमानजी मंदिर, जयपुर में 9 नवंबर 2025 को आयोजित 65वां लक्खी अन्नकूट महोत्सव दुनिया के सबसे बड़े हनुमान भोग के रूप में ऑक्सफोर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। इस महोत्सव में कुल 87.5 टन सामग्री से प्रसादी तैयार की गई और एक ही दिन में 2,22,030 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया, जिसे आधिकारिक रिकॉर्ड के रूप में मान्यता दी गई है।




## मुख्य बिन्दु:

### रिकॉर्ड:

- 87.5 टन (लगभग 87,500 किलो) प्रसादी तैयार।
- 2,22,030 भक्तों ने एक दिन में प्रसाद ग्रहण किया; “वर्ल्ड्स लार्जेस्ट हनुमान भोग” के रूप में रिकॉर्ड दर्ज।
- शुरुआत वर्ष 1971 में मात्र 5 किलो अन्न से हुई थी; अब यह अन्नकूट 80–90 टन से अधिक प्रसादी तक पहुंच चुका है, जो भक्तिभाव और जनभागीदारी की निरंतर वृद्धि को दर्शाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान विधान सभा में “वंदे मातरम् दीर्घा” का उद्घाटन

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान विधानसभा परिसर के डिजिटल म्यूज़ियम में वंदे मातरम् दीर्घा का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया, जिसे राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष रूप से विकसित किया गया है। यह दीर्घा देश की विधानसभाओं में अपने प्रकार की पहली पहल मानी जा रही है, जहाँ वंदे मातरम् के इतिहास, संदर्भ और सांस्कृतिक महत्व को 37 पैनलों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।




## मुख्य बिन्दु:

### वंदे मातरम् दीर्घा की विशेषताएँ

- दीर्घा में 37 थीमेटिक पैनल हैं, जिनमें 1875 में अक्षय नवमी के दिन बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित संस्कृतनिष्ठ बंगाली मूल गीत, उसकी पांडुलिपि की प्रतिकृति और स्वदेशी व स्वतंत्रता आंदोलन में इसके उपयोग से जुड़ी दुर्लभ तस्वीरें, पत्र, भाषण और वीडियो सामग्री प्रदर्शित हैं।
- प्रदर्शनी में उस समय के राजनीतिक सांस्कृतिक परिवेश, वंदे मातरम् के नारे के रूप में उभरने, जन आंदोलनों व क्रांतिकारियों द्वारा इसके प्रयोग को अनुभवात्मक ढंग से दिखाया गया है, जिससे आगंतुक स्वतंत्रता संग्राम की भावनाओं को महसूस कर सकें।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान ललित कला अकादमी की 66वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर द्वारा आयोजित 66वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी में इस वर्ष राज्य के 9 प्रमुख कलाकारों को राज्य कला पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। यह प्रदर्शनी अकादमी की वार्षिक चयनित कला कृतियों का मंच है, जहाँ पूरे राजस्थान से प्राप्त चित्र, मूर्तियाँ, ग्राफिक, इंस्टॉलेशन आदि माध्यमों की बेहतरीन रचनाएँ प्रदर्शित की जाती हैं।




## मुख्य बिन्दु:

- राजस्थान ललित कला अकादमी की 66वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी।
- राज्य कला पुरस्कारों में 9 कलाकारों का चयन।
- 113 कलाकृतियों और 64 कलाकारों को प्रदर्शनी के लिए चुना गया।
- पुरस्कार विजेताओं को 25000 नकद, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह दिए गए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- कुल 190 कलाकारों ने 562 कलाकृतियाँ प्रदर्शित कीं।
- निर्णायक मंडल- श्रीधर अय्यर, हर्षिव शर्मा, तपन दास।
- पुरस्कृत कलाकृतियाँ विभिन्न रूपों, विषयों और तकनीकों का प्रतीक हैं।

**नौ कलाकार:**

1. रमेश कुमार सैनी, जयपुर (जयपुर की गलियाँ 1-2-3)
2. विकास कुमार मिरोठा, बूंदी (ग्रुप-2)
3. जयंत शर्मा, जयपुर (सिटी ऑफ ड्यून्स)
4. श्वेता नैना, जयपुर (तारा-3)
5. मोहनलाल चौधरी, बीकानेर (डोंट सेव द गठरिया)
6. उर्मिला शर्मा, जयपुर (अनुकल्प-1)
7. धीरज बलिहारा, हनुमानगढ़ (वीविंग ट्रेडिशन)
8. करुणा, वनस्थली (चाइल्डहुड-3)
9. शिवपाल कुमावत, सीकर (डेल्यूज़न-II)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **एफओडी वॉक में उड़ान सुरक्षा पर फोकस**<br><br>■ जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर फॉरेन ऑब्जेक्ट डेब्रिस (एफओडी) वॉक का आयोजन किया गया। इसमें एयरलाइन स्टाफ, ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियों, सुरक्षा कर्मियों और एयरपोर्ट ऑपरेशंस टीम ने रनवे और हवाई क्षेत्र का निरीक्षण किया और विमान संचालन के लिए खतरा पैदा करने वाली वस्तुओं को एकत्र कर हटाया। |
| 2. | **अखिल भारतीय विद्युत फुटबॉल प्रतियोगिता**<br>■ पंजाब के पटियाला में आयोजित 47वीं अखिल भारतीय विद्युत फुटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। सेमीफाइनल में हरियाणा की टीम से राजस्थान को हार का सामना करना पड़ा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## बायोमास पेलेट्स

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने हरियाणा के रेवाड़ी में अत्याधुनिक बायोमास पेलेट संयंत्र का उद्घाटन किया।



### मुख्य बिन्दु:

- **परिभाषा:** ये नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त कार्बनिक पदार्थों के छोटे, बेलनाकार व संघनित रूप होते हैं।
- **कच्चा माल:** कृषि अवशेष जैसे- धान, सोया, कपास, चना, ज्वार की पराली/ भूसा/ डंठल/ भूसी, मूंगफली का छिलका, नारियल का छिलका, बांस, सूखे पत्ते और इसी तरह का बायोमास।
- **उपयोग:** इनका विद्युत संयंत्रों में ऊष्मा और विद्युत उत्पादन के लिए तथा पशुओं हेतु बिछावन सामग्री (bedding material) के रूप में उपयोग किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## गावी (GAVI)

### चर्चा में क्यों?

- गावी (GAVI) और यूनिसेफ ने R21/मैट्रिक्स-एम मलेरिया वैक्सीन की वैश्विक पहुंच बढ़ाने के लिए एक नए समझौते की घोषणा की।




### मुख्य बिन्दु:

**वैक्सीन और प्रतिरक्षीकरण के लिए वैश्विक गठबंधन**

- **स्थापना:** इसे एक वैश्विक सार्वजनिक-निजी भागीदारी के रूप में वर्ष 2000 में स्थापित किया गया था। भारत इसका सदस्य है।
- **मिशन:** बच्चों को घातक बीमारियों से बचाना और राष्ट्रीय टीकाकरण प्रणालियों को मजबूत करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग

## चर्चा में क्यों?

- विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य अंग है।

## मुख्य बिन्दु:

- हाल ही में, शंघाई हवाई अड्डे पर चीनी आव्रजन अधिकारियों ने एक भारतीय नागरिक को इस आधार पर 18 घंटे तक हिरासत में रखा कि उसका पासपोर्ट "अमान्य" है क्योंकि उसका जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश है।
- आव्रजन अधिकारियों ने उनका पासपोर्ट ''अमान्य'' घोषित कर दिया और कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा नहीं है।
- विदेश मंत्रालय ने "मनमाने ढंग से रोके जाने" के लिए चीन की कड़ी आलोचना की और इसे शिकागो और मॉन्ट्रियल सम्मेलनों सहित अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन मानदंडों का उल्लंघन बताया।




### चीन का दावा

- अरुणाचल प्रदेश को 1972 तक उत्तर पूर्वी सीमांत एजेंसी (NEFA) के नाम से जाना जाता था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **चीन का दावा:** चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताता है। उसका मुख्य हित तवांग ज़िले में है, जो अरुणाचल प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित है और भूटान और तिब्बत की सीमा से लगा हुआ है।

### शिमला कन्वेंशन 1914

- 1914 के शिमला कन्वेंशन में, जिसमें एक तिब्बती प्रतिनिधि के साथ समान स्तर पर एक चीनी प्रतिनिधि शामिल था, ने पूर्वी क्षेत्र में तिब्बत को भारत से अलग करने वाली मैकमोहन रेखा को जन्म दिया । इसने भारत और तिब्बत के बीच की सीमाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया।

### भारत का रुख

- **अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है:** भारत ऐतिहासिक, कानूनी और प्रशासनिक निरंतरता के आधार पर अरुणाचल प्रदेश पर पूर्ण संप्रभुता का दावा करता है।
- अरुणाचल प्रदेश के लोगों के पास भारतीय संविधान के अंतर्गत लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकारें हैं।
- **मैकमोहन रेखा कानूनी सीमा:** भारत 1914 की मैकमोहन रेखा को आधिकारिक और वैध सीमा के रूप में मान्यता देता है।
- **चीन के दावे निराधार:** सरकारी बयानों में इस बात पर जोर दिया गया है कि मनगढ़ंत नाम देने या स्टेपल्ड वीजा जारी करने से जमीनी हकीकत नहीं बदलती।
- **प्रभावी नियंत्रण:** भारत ने स्वतंत्रता के बाद से इस क्षेत्र का निरंतर प्रशासन किया है - शासन, चुनाव, न्यायपालिका, विकास योजनाएं और सशस्त्र बलों की उपस्थिति।
- अरुणाचल के लोग सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक रूप से भारत से जुड़े हुए हैं।
- **अरुणाचल में विकास और बुनियादी ढांचा जारी रहेगा:** भारत ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर चीन की आपत्तियों को खारिज कर दिया। उनका मानना है कि भारतीय क्षेत्र का विकास भारत का आंतरिक मामला है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## टाइगर रिज़र्व

**चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त एक पैनल ने गोवा में टाइगर रिज़र्व को अधिसूचित करने की सिफ़ारिश की।



**मुख्य बिन्दु:**

- इसने कोटिगाओ वन्यजीव अभयारण्य और नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य को कोर तथा भगवान महावीर राष्ट्रीय उद्यान को बफर ज़ोन के रूप में अनुशंसित किया है।
- कोटिगाओ वन्यजीव अभयारण्य और नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य कर्नाटक के काली टाइगर रिज़र्व से सटे हुए हैं।
- भगवान महावीर राष्ट्रीय उद्यान दूधसागर जलप्रपात के लिए प्रसिद्ध है।
- **अधिसूचना:** राज्य सरकारें वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 38V के प्रावधानों के अनुसार टाइगर रिज़र्व अधिसूचित करती हैं। इसके लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) से सलाह ली जाती है।
- NTCA वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत एक वैधानिक निकाय है। इसका अध्यक्ष पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री होता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## नई चेतना 4.0

### चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए 'नई चेतना 4.0' राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ किया।




### मुख्य बिन्दु:

- यह एक महीने का अभियान है, जिसे ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) द्वारा आयोजित किया जाता है।
- इसमें स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी और 11 मंत्रालयों का समन्वय शामिल है।
- **उद्देश्य:** लैंगिक हिंसा के विरुद्ध सामुदायिक कार्रवाई को मजबूत करना और ग्रामीण भारत में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## न्यायपालिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता

### चर्चा में क्यों?

- उच्चतम न्यायालय के सेंटर फॉर रिसर्च एंड प्लानिंग ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और न्यायपालिका पर श्वेत पत्र जारी किया। यह श्वेत पत्र न्यायपालिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के सुरक्षित उपयोग की समीक्षा करता है।



### मुख्य बिन्दु:

**AI के जोखिम और नैतिकता संबंधी चुनौतियां**

- अत्यधिक निर्भरता और मानवीय निर्णय का ह्रास।
- **मतिभ्रम और मनगढ़ंत कंटेंट:** यह झूठी जानकारी या गैर-मौजूद उद्धरण उत्पन्न कर सकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रह:** इस टूल में संभावित नस्लीय पूर्वाग्रह देखा गया है।
- **अन्य:** डीपफेक और साक्ष्य में हेरफेर, गोपनीयता एवं निजता संबंधी जोखिम, बौद्धिक संपदा संबंधी चिंताएं आदि।

### भारत की AI संबंधी पहलें

- **ई-कोर्ट्स मिशन मोड परियोजना:** लंबित मामलों, भाषाई बाधाओं और प्रशासनिक देरी से निपटने के लिए AI उपकरण विकसित करना।
- **SUPACE (सुप्रीम कोर्ट पोर्टल फॉर असिस्टेंस इन कोर्ट एफिशिएंसी):** यह न्यायाधीशों को केस रिकॉर्ड का विश्लेषण करने और सारांश बनाने में मदद करता है।
- **SUVAS (सुप्रीम कोर्ट विधिक अनुवाद सॉफ्टवेयर):** इसने उच्चतम न्यायालय के 36,000 से अधिक निर्णयों का 19 भारतीय भाषाओं में अनुवाद किया है।
- **अन्य:** TERES (एआई-आधारित प्रतिलेखन), LegRAA (विधिक अनुसंधान विश्लेषण सहायक)।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## डॉ. वर्गीस कुरियन (1921-2012)

### चर्चा में क्यों?

- 26 नवंबर को डॉ. वर्गीस कुरियन की जयंती मनाई जाती है।




### मुख्य बिन्दु:

- वह भारत की श्वेत क्रांति के वास्तुकार थे और उन्हें "श्वेत क्रांति के जनक" के रूप में जाना जाता है।
- केरल के कोझिकोड में उनका जन्म हुआ।
- उन्होंने 1970 में ऑपरेशन फ्लड का नेतृत्व किया, जिसने भारत को दूध की कमी वाले देश से दुनिया के सबसे बड़े दूध उत्पादक देश में बदल दिया।
- उन्होंने आनंद सहकारी मॉडल की स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- डॉ. कुरियन ने 1979 में 'धारा' ब्रांड लॉन्च करके खाद्य तेल उद्योग में क्रांति ला दी।
- डॉ. कुरियन के योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली, जिनमें पद्म विभूषण, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार और विश्व खाद्य पुरस्कार शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## संविधान दिवस

### चर्चा में क्यों?

- संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।




### मुख्य बिन्दु:

- 2015 में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने के भारत सरकार के निर्णय को अधिसूचित किया।
- यह दिन प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. बी.आर. अंबेडकर को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है।

#### संविधान सभा

- भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने में 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिन लगे।
- डॉ. राजेंद्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष थे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- जवाहरलाल नेहरू ने 13 दिसंबर, 1946 को 'उद्देश्य प्रस्ताव' पेश किया, जिसे बाद में 22 जनवरी 1947 को प्रस्तावना के रूप में अपनाया गया।
- संविधान सभा तब तक अस्थायी विधानमंडल के रूप में कार्य करती रही जब तक कि नई विधानमंडल का गठन नहीं हो गया।

**भारतीय संविधान**

- विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान (25 भाग और 12 अनुसूचियाँ)
- भारत का संविधान टाइप या मुद्रित नहीं किया गया था और इसे हस्तलिखित किया गया था तथा हीलियम से भरे डिब्बे में रखा गया था।
- इसे आचार्य नंदलाल बोस के मार्गदर्शन में शांतिनिकेतन के कलाकारों द्वारा हस्तनिर्मित किया गया था।
- इसका बड़ा हिस्सा भारत सरकार अधिनियम, 1935 से लिया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **इम्पैक्ट राइज़ पहल**<br>■ आईआईटी खड़गपुर ने इम्पैक्ट राइज (रिसर्च, इनोवेशन, स्किलिंग और एंटरप्रेन्योरशिप) नामक पहल शुरू की है, जो सामाजिक परिवर्तन के लिए टिकाऊ तकनीक और प्रबंधन प्रथाओं पर केंद्रित है।<br>■ इम्पैक्ट राइज़ पहल के चार स्तंभ होंगे - अनुसंधान, नवाचार, कौशल और उद्यमिता।<br>■ इसमें सतत विकास लक्ष्यों और भारत की जलवायु एवं विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप अनुसंधान शामिल होगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR